| | |
|---|---|
| तत् त्वं पूषन् अपावृणु<br>केन्द्रीय विद्यालय संगठन | **केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं**<br>**(गुरुग्राम संभाग)**<br>**अर्धवार्षिक परीक्षा 2025 विषय : हिन्दी तिथिः ....................** |
| | **नामः.................. समय : 90 मिनट** |
| **कक्षाः पाँचवीं** | **अनुक्रमांक.: ...........** |

| पाठ्यचर्या लक्ष्य | पा.ल. 2 (15) | पा.ल. 3 (15) | पा.ल.4 (10) | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राप्तांक | अ.ल.उ.(15) | ल.उ.(15) | अ.ल.उ. (4) | ल.उ. (6) | 40 |
| | | | | | |

**निरीक्षक के हस्ताक्षरः---------------- परीक्षक के हस्ताक्षर :-------------------- जाँचकर्ता के हस्ताक्षर:--------------**

## पा.ल.2- अपठित/ पठित बोध (15)

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)**

**प्रकृति ने हमें बहुत-सी अनमोल चीज़ें दी हैं। सूरज हमें प्रकाश और ऊर्जा देता है, चाँदनी हमें शीतलता देती है और पेड़-पौधे हमें शुद्ध वायु तथा भोजन प्रदान करते हैं। नदियाँ और झीलें हमें पानी देती हैं, जिसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन आज मनुष्य अपनी स्वार्थी प्रवृत्ति के कारण पेड़ों को काट रहा है, नदियों को प्रदूषित कर रहा है और वनों को नष्ट कर रहा है। यदि हम इसी तरह प्रकृति का दोहन करते रहे तो आने वाली पीढ़ियाँ स्वच्छ हवा और पानी के लिए तरस जाएँगी। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह प्रकृति की रक्षा करे, पेड़ लगाए और जल का संरक्षण करे। तभी हमारा जीवन सुखमय और सुरक्षित रह पाएगा।**

**1. प्रकृति ने हमें कौन-कौन सी चीजें दी हैं?**

क) प्रकाश और ऊर्जा ग) पानी

ख) शुद्ध वायु और भोजन घ) उपरोक्त सभी

**2. मनुष्य अपनी स्वार्थी प्रवृत्ति के कारण क्या कर रहा है?**

क) नदियों को प्रदूषित कर रहा है। ग) पेड़ों को काट रहा है।

ख) वनों को नष्ट कर रहा है। घ) उपरोक्त सभी

**3. यदि हम प्रकृति का दोहन करते रहे तो क्या होगा?**

क) पेड़ अधिक हो जाएँगे ग) नदियाँ और बढ़ जाएँगी

ख) आने वाली पीढ़ियाँ हवा और पानी के लिए तरसेंगी घ) कुछ भी नहीं होगा

**4. मनुष्य का क्या कर्तव्य है?**

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

________

**प्रश्न 5. इस गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?**

____________________________________________________________________________

____________________________________________________________________________

________

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**सुंदरिया हरियाणा के हीरासिंह नामक किसान की गाय थी। घर वाले उसे बहुत प्यार करते थे। किसान का बेटा जवाहरसिंह उसे 'मौसी' कहता था। घर में तंगी आने पर हीरा सिंह शहर आकर एक सेठ के यहाँ चौकीदारी करने लगा। सेठ को एक अच्छी गाय की आवश्यकता होने पर उसने अपनी गाय 207 रुपये में बेच दी। मगर उसका मन गाय में ही लगा रहा। गाय भी नई जगह आकर खुश नहीं थी। वह सही से दूध नहीं देती थी। इससे हीरासिंह को सेठ की बातें सुननी पड़ती थीं तथा वह परेशान रहता था। पूरा दूध नहीं मिलने तथा कुछ उल्टा-सीधा होने पर सेठ ने हीरासिंह को अपनी गाय वापस गाँव भेजने तथा लिए गए पैसे लौटाने के लिए कहा। लेकिन हीरा सिंह पैसे लौटाने की स्थिति में नहीं था, क्योंकि उसने काफ़ी पैसे खर्च कर दिए थे। उसने सेठ से गाय के पैसे अपनी तनख्वाह से काटते रहने की बात कही तथा गाय को वापस गाँव ले आया।**

**1. सुंदरिया किसकी गाय थी?**

क) जवाहर सिंह की ग) हीरासिंह की

ख) सेठ की घ) गाँव वालों की

**2. जवाहरसिंह सुंदरिया को किस नाम से पुकारता था?**

क) मौसी ग)

दुलारी

ख) बहन घ) अम्मा

**3. हीरासिंह ने गाय कितने रुपये में बेची थी?**

क) 200 रुपये ग) 207 रुपये

ख) 250 रुपये घ) 210 रुपये

**4. गाय नई जगह आकर कैसी थी?**

क) बहुत खुश थी। ग) भाग जाती थी।

ख) उदास और दूध नहीं देती थी। घ) बहुत चंचल थी।

**5. हीरा सिंह पैसे लौटाने की स्थिति में क्यों नहीं था?**

________________________________________________________________________

________________________________________________________________________

__________________________

प्रश्न 3 - **निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**अरी किरन तू उठकर इतनी**
**जल्दी आज चली आई।**
**मैं तो बिस्तर में से अपने**
**अब तक निकल नहीं पाई।**

**कल तो तेरे साथ शाम तक**
**खेल बहुत से खेली मैं।**
**पर जब तू चली सोने को**
**तो रह गई अकेली मैं।**

**तू सुख से सोई होगी पर**
**मुझको नींद नहीं आई।**
**परी कथाएँ पढ़ते-पढ़ते**
**बड़ी देर में सो पाई।**

**1. कविता में बालिका कब तक किरन के साथ खेली?**

क) सुबह तक

ग) शाम तक

ख) दोपहर तक

घ) रात तक

**2. जब किरन सोने चली गई तो बालिका को कैसा लगा?**

क) बहुत खुश

ग) थकी हुई

ख) अकेली

घ) डर गई

**3. जब बालिका को नींद नहीं आई तब उसने क्या किया?**

क) उसने खाना खाया।

ग) वह परी कथाएँ पढ़ने लगी।

ख) वह रोने लगी।

घ) वह खेलने लगी।

**4. नीचे दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द पहचानिए।**

क) किरन

ग) सोई

ख) जल्दी

घ) पढ़ते

**5. नीचे लिखी पंक्ति को पूरा करें।**

**तू सुख से सोई होगी पर** ____________________________________________

## पा.ल.3- लेखन कौशल (15 अंक)

**प्रश्न 4. किसी एक विषय पर 100 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखें।**
**(5)**

"मेरा प्रिय जानवर"

अथवा

शिक्षक और छात्र के बीच वार्तालाप लिखिए - जिसमें छात्र देर से स्कूल आने का कारण बताता है और शिक्षक उसे समय पर आने की सलाह देते हैं।

**प्रश्न 5. पत्र लेखन / पोस्टर निर्माण।**
**(5)**

अपनी दादी / नानी को उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछते हुए और अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

स्वच्छता का संदेश देते हुए एक पोस्टर बनाइए। उस पर नारा भी लिखिए।

**प्रश्न 6. कविता/ कहानी बनाओ।**

**(5)**

मान लीजिए कि आपके विद्यालय में एक *न्याय की कुर्सी* रखी गई है। जब भी कोई छात्र गलती करता है तो वह कुर्सी पर बैठकर अपनी बात कहता है। इस पर आधारित एक रोचक कहानी लिखिए।

अथवा

ऐसी कविता लिखिए जिसमें “सच और न्याय” की जीत दिखाई दे।

**पा.ल.4- शब्द ज्ञान व भाषा प्रयोग (10 अंक)**

प्रश्न 7. ‘माता’ का  पर्यायवाची शब्द लिखिए।

___________________________________________________________________________

______

प्रश्न 8. ‘आरंभ’ का विलोम शब्द लिखिए।

___________________________________________________________________________

_____

प्रश्न 9. सही वर्तनी चुनिए और उसका अर्थ लिखिए।

वर्ष / वर्स / वरष

_______________________________________________________________

प्रश्न 10. “चार चाँद लगना” मुहावरे का अर्थ लिखो।

___________________________________________________________________________

______

प्रश्न 11. भाषा प्रयोग (3 x 2 = 6)

क) नीचे दिए गए शब्द के दो अलग अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।

कर - _______________________ _______________________

________________________________________________________________________________

________

________________________________________________________________________________

________

ख) नीचे दिए गए शब्द का लिंग बदलकर उसका वाक्य में प्रयोग करें।

राजा - ______________________________

________________________________________________________________________________

________

ग) नीचे दिए गए वाक्य को शुद्ध करके उचित विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए।

कहा गीता ने मैं स्कूल नहीं आज आऊँगी।

________________________________________________________________________________

________